समीक्षा

नागरिकों को सभी नगरीय निकाय उपलब्ध कराएं शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल : कमिश्नर

सीवरेज लाइन निर्माण की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को संभागायुक्त ने लगाई फटकार

शहडोल । कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में शहडोल संभाग के नगरीय निकायों के माध्यम से संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने नगरीय निकायों के अधिकारियो को निर्देश दिए कि संभाग अंतर्गत नागरिको को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने निर्देश दिए कि वाटर ट्रीटमेंट प्लान सोर्स प्वाइंट तथा पाईप लाइन की नियमित जांच कराई जाए तथा सुनिश्चित किया जाए कि हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। बैठक में बताया गया कि संभाग के 22 नगरीय निकायों के 379 वार्ड में 1895 पेयजल के किट से सैम्पल लिए गए हैं। जिन में से 1155 सैम्पल की रिपोर्ट मिली है, जो सही पाए गए हैं। कमिश्नर ने शासन के निर्देशानुसार जल सुनवाई के कार्यक्रम आयोजित कर प्राप्त होने वाली शिकायतों का 48 घंटे के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन में दूषित पानी से संबंधित प्राप्त शिकायतो का निराकरण 48 घंटे भीतर कराना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने शहडोल नगर में किये जा रहे सीवरेज कार्य की अपेक्षित प्रगति नही होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सीवरेज का कार्य जल्द से जल्द गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए एवं आवश्यकतानुसार रिसोर्सेस बढ़वाएं। आपने निर्देश दिए कि रेस्टोरेशन का कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। कमिश्नर ने शहडोल संभाग के नगरीय निकायो में विभिन्न योजनाओ के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें।

योजना के प्रगति की समीक्षा

कमिश्नर ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि स्वच्छता सर्वेक्षण कार्य हेतु पूर्व से ही सभी तैयारियां सुनिश्चित करते हुए शहडोल संभाग पहले से बेहतर की स्थिति में लाने के सभी आवश्यक प्रयास अभी से शुरू किए जाएं। कमिश्नर ने पीएम स्वनिधि योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियो को दिलाना सुनिश्चित करें। स्वच्छता अभियान के तहत उपयोग किए हुए जल प्रबंधन के लिए स्वीकृत कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराएं, सुपर 75 श्रेणी की अवधारणा के तहत चयनित निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निर्धारित बिन्दुओं की पूर्ति करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की तैयारी करें। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन आरपी मिश्रा, कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशसन अरविंद शर्मा सहित शहडोल संभाग के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं इंजीनियर्स उपस्थित रहें।

भाजपा जिलाध्यक्ष के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

- अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

शहडोल । 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन गुरुवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल की जिला अध्यक्ष के रूप में अमिता चपरा जी के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहडोल नगर के कमला नगर स्थित 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 16 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार समय प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया जाएगा। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर के तैयारी का जायजा भाजपा जिला अध्यक्ष ने जिला पदाधिकारी के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचकर गुरुवार को तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए विशेष दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ से विजय दुबे, डॉ सिद्धार्थ सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, भूपेंद्र मिश्रा जिला महामंत्री अमित मिश्रा जिला मंत्री सौरभ गोले, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता बंटी, कार्यालय मंत्री अंकुश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, विपिन तिवारी, आदित्य चपरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस स्वास्थ्य शिविर विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा साथी विभिन्न प्रकारों की जांच भी निशुल्क की जाएगी इस स्वास्थ्य शिविर में जिला पदाधिकारी एवं जिले के समस्त भाजपा कार्यकर्ता गण अपने स्वास्थ्य की जाँच करवा सकते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने सभी कार्यकर्ताओं से विनम्र आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लें और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनें।साथ ही मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय खिचड़ी सहभोज का आयोजन भी किया जाएगा ।

आधा तोला गोल्ड, बीस तोला चांदी समेत नगदी चोरी

नवभारत, जबलपुर। मझगवां थाना अंतर्गत सरोली बाईपास में चोरों ने बुधवार को दिनदहाड़े एक सूने घर का ताला तोड़कर आधा तोला गोल्ड, बीस तोला चांदी समेत नगदी रूपए पार कर दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रकरण दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक विक्की सेन 23 वर्ष निवासी ग्राम देवरी नवीन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि सरोली बाईपास में उसकी कटिंग की दुकान है माह फरवरी 2026 में उसकी शादी होने वाली है बुधवार को उसके पिता रामकुमार सेन ने उसे 5 हजार रूपये देकर बोले कि मझगवॉ जाकर बस बुक कराओ तो वह मझगवॉ आ गया, पिता खेत चले गये घर में बहन एवं छोटा भाई सचिन था जो ऊपर वाले कमरे में थे। दोपहर 12 बजे बहन नीचे वाले कमरे में आयी तथा 12-30 बजे कमरे का दरवाजा बंद कर उपर छत पर चली गयी थी लगभग 1 बजे रोशनी नीचे आकर देखी दरवाजा खुला था, अंदर जाकर देखी पेटी का ताला पेटी के ऊपर रखा था पेटी खोलकर देखने पर 1 सोने की झुमकी वजनी आधा तोला, चांदी का करधन वजनी 20 तोला, 9 हजार 500 रूपये नहीं थे।

एएसआई की पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

- झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर एएसआई कर रहा प्रताड़ित



शहडोल । धनपुरी थाना क्षेत्र वार्ड क्रमांक 02, धनपुरी निवासी मोहम्मद रियाज ने सहायक पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत सौंपकर एएसआई भूपेंद्र सिंह पर झूठे मुकदमे में फँसाने की धमकी, मानसिक उत्पीड़न, सार्वजनिक मानहानि तथा बाहरी व्यक्तियों के माध्यम से परेशान कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित मोहम्मदरियाज के अनुसार वह धनपुरी दफ़ाई नंबर 01, रेलवे फाटक के पास मोटरबाइक रिपेयरिंग की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। शिकायत में बताया गया है कि पिछले लगभग एक वर्ष से उसे बिना किसी ठोस कारण के लगातार निशाना बनाया जा रहा है। रियाज का आरोप है कि एएसआई भूपेंद्र सिंह बार-बार उसकी दुकान पर पहुँचकर सार्वजनिक रूप से जुआ खिलाने जैसे गंभीर और निराधार आरोप लगाते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि उसे प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भयभीत किया गया तथा बाहरी लोगों के जरिए दबाव बनाने की आशंका जताई गई है, जिससे उसका मानसिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि बार-बार झूठे प्रकरण में फँसाने और जेल भेजने की धमकियों से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुँचा है। भय के वातावरण के कारण ग्राहक उसकी दुकान पर आने से बचने लगे हैं, जिससे उसके परिवार की आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। उसका परिवार लगातार मानसिक तनाव और डर के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं।

पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच कराते हुएएएसआई द्वारा तत्काल उसे परेशान करने से रोकने, तथा उसकी और उसके परिवार की जान-माल एवं सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही उसने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में उसके या उसके परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई अप्रिय घटना होती है अथवा उसे किसी झूठे मामले में फँसाया जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या एक आम मेहनतकश नागरिक को पुलिस से ही सुरक्षा की गुहार लगानी पड़ेगी ? या फिर प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर त्वरित कार्रवाई कर कानून पर जनता का भरोसा कायम रख पाएगा।

कंबोडिया फुटबॉल कोच चार्ली पॉमरोय ने मिनी ब्राज़ील के खिलाड़ियों से की मुलाकात

शहडोल । शहडोल जिले का बिचारपुर गाँव, जो आज 'मिनी ब्राज़ील' के नाम से जाना जाता है, अब किसी परिचय का मोहताज नहीं है। फुटबॉल के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके इस गाँव ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। हाल ही में कंबोडिया के राष्ट्रीय फुटबॉल कोच चार्ली पॉमरोय ने मिनी ब्राज़ील के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। गौरतलब है कि इससे पहले नवंबर माह में एक जर्मन फुटबॉल कोच भी बिचारपुर आकर यहाँ के खिलाड़ियों से मिल चुके हैं। चार्ली पॉमरोय मूल रूप से यूनाइटेड किंगडम (इंग्लैंड) से हैं और वर्तमान में कंबोडिया एवं नौरू देशों के नेशनल कोच के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। उन्हें मिनी ब्राज़ील के फुटबॉल विकास की कहानी सोशल मीडिया पोस्ट्स के माध्यम से पता चली, जिसने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने स्वयं बिचारपुर आने का निर्णय लिया।

इस यात्रा में उत्तराखंड के सहायक फुटबॉल क्लब के श्रेष्ठ पांडे का विशेष सहयोग रहा, जो इस दौरे के सहभागी भी बने।बिचारपुर पहुँचने पर जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने दोनों अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री रईस अहमद विचारपुर गांव के फुटबॉल कोच, विचारपुर गांव फुटबॉल के सफर जो, गांव नशे के नाम से जाना जाता था और मिनी ब्राज़ील के रूप में उसकी पहचान बनने की विस्तृत जानकारी साझा की, जबकि राजीव श्रीवास्तव ने रिलायंस द्वारा किए जा रहे फुटबॉल विकास प्रयासों पर प्रकाश डाला।

चार्ली पॉमरोय ने मिनी ब्राज़ील के खिलाड़ियों और कोचों से संवाद कर यह जाना कि फुटबॉल के विकास में उन्हें किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों एवं कोचों ने फुटबॉल ग्राउंड, पर्याप्त संसाधनों व इक्विपमेंट्स की कमी, उत्कृष्ट प्रशिक्षण और एक्सपोज़र के अभाव जैसी समस्याओं को सामने रखा।खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए चार्ली पॉमरोय ने कहा कि अधिकांश अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में खेलते हुए ही विश्व स्तर तक पहुँचे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को उपलब्ध संसाधनों पर फोकस कर निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। साथ ही जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों से भी चर्चा की और जर्मनी व बिचारपुर के खिलाड़ियों के बीच अंतर पर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने कोच एवं खिलाड़ियों के स्किल डेवलपमेंट और टेक्निक्स डेवलपमेंट के लिए तैयार किए गए पाठ्यक्रम और सिलेबस के माध्यम से संरचित प्रशिक्षण दिए जाने का सुझाव भी दिया। इस दौरे के दौरान रईस अहमद सहायक संचालक खेल एन आई एस फुटबॉल कोच एवं सचिव, जिला फुटबॉल संघ शहडोल, राजीव श्रीवास्तव (सीएसआर हेड, रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट), डॉ. शमीम (रिलायंस), सफ्दर हुसैन (वेल वेदर इंटरनेशनल स्कूल), शानउल्ला खान (एथलेटिक्स जिला संघ), योगराज वर्मा सह सचिव, वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी,श्री रामा राव, रामकुमार बैगा, कैलाश वर्मा, राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं कोच अनिल सिंह, लक्ष्मीसहीस, नरेश कुंडे शंकर दहिया, सीताराम सहिस, पीटीआई रहीम खान,सीनियर खिलाड़ी एवं 200 से अधिक युवा फुटबॉल खिलाड़ी उपस्थित रहे।

कंबोडिया के फुटबॉल कोच चार्ली पॉमरोय की यह मुलाकात मिनी ब्राज़ील के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत साबित हुई और शहडोल को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

तालाब में डूबे युवक की मौत

जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत खुककम तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कुंडम खुककम निवासी दलपत सिंह परस्ते 40 वर्षीय का बुधवार सुबह गांव के तालाब की ओर शौच करने गया तभी पैर फिसलने से अनियंत्रित होकर वह तालाब में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को तालाब से बाहर निकाला गया जिसके बाद शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।

संभाग में 75125 किसानों से 46 लाख 37 हजार 702 क्विंटल धान की खरीदी

शहडोल । संभाग में 137 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 75125 किसानों से 46 लाख 37 हजार 702 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खरीदी गई धान के विरूद्ध किसानों को 715 .13 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। शहडोल जिले में 59 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 31518 किसानों से 20 लाख 73 हजार 277 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खरीदी गई धान के विरूद्ध किसानों को 375 .05 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। अनूपपुर जिले में 34 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 18807 किसानों से 10 लाख 08 हजार 245 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खरीदी गई धान के विरूद्ध किसानों को 105 .46 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। उमरिया जिले में 44 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 24800 किसानों से 15लाख 56 हजार 179 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। खरीदी गई धान के विरूद्ध किसानों को 234 .62 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

खमरिया थाना प्रभारी हुई लाइन हाजिर

जबलपुर। पुलिस व्यवस्था में और कसावट लगाने पुलिस अधीक्षक ने एक बार फिर थाना प्रभारियों में फेरबदल कर दिया। अब खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो को लाइन अटैच कर दिया गया है। जबकि बेलबाग थाना प्रभारी राजकुमार खटीक को खमरिया थाने की कमान सौंपी गई है।

शहडोल संभाग कृषि संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र : कुलपति

शहडोल । पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के वाणिज्य विभाग द्वारा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के संयुक्त तत्वावधान में उनके पाठ्यक्रम के अंतर्गत शहडोल संभाग के आर्थिक विकास में कृषि आधारित उद्योगों की संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार को सम्बोधित करते हुएव कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा कि शहडोल संभाग कृषि संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र है। यदि यहां कृषि आधारित उद्योगों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ा जाए तो यह क्षेत्र आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकता है। युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनना होगा। विश्वविद्यालय का दायित्व है कि वह छात्रों को स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों के लिए तैयार करे। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र के. एस. सोलंकी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, सरकारी अनुदान, ऋण सुविधाओं एवं कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा सहित अन्य प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

नपा सफाई मित्रों का कर रही शोषण

शहडोल । नगर पालिका परिषद शहडोल में 30 वर्षों से भी ज्यादा समय से काम कर रहे सफ़ाई मित्रों को ना हीं परमानेंट किया गया ना हीं इनका वेतन समय से दिया जाता है और ना ही एरियस का भुगतान किया जा रहा है । सफ़ाई कर्मचारियों का आरोप है की नगर पालिका परिषद शहडोल में जिन कार्यों में भ्रष्टाचार करने का अवसर प्राप्त होता है उनका बजट नगर पालिका परिषद के पास होता है पर गरीब सफ़ाई मजदूर का वेतन भुगतान एरियस भुगतान करने का फ्ंड इनके पास नहीं होता।भारतीय सफ़ाई मजदूर संघ के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद शहडोल में कार्य कर रहे समस्त सफ़ाई मित्र और उनके परिवार जनों ने रैली निकालकर शहडोल शहर के जनप्रतिनिधियों के घर-घर जाकर अपनी गुहार लगाकर विरोध करने का तरीका अपनाया है।जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह के कहने पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और अधिकारियों ने बैठक का रखा प्रस्ताव। सफ़ाई कर्मचारियों के इस आंदोलन को नगर पालिका परिषद शहडोल के ही पार्षदों का भी समर्थन मिल चुका है जिससे यह साबित होता है कि नगर पालिका परिषद शहडोल के सीएमओ ,अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की साठ गांठ से होता है भ्रष्टाचार। सफ़ाई कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रशासन के ऊपर पैसा लेकर नियमित करने का भी आरोप लगाया है उनके द्वारा कहा गया कि आज तक कोई सफ़ाई मित्र जो गरीब है वह परमानेंट नहीं हुआ पर पैसे वाले परमानेंट हो गए हैं। सफ़ाई मित्र शासन प्रशासन और सरकार से अपने साथ हो रहे अन्याय की कहानी सुना रहे हैं और निवेदन कर रहे हैं कि मांगे जल्द से जल्द पूरी हो ताकि वह अपने परिवार का लालन-पालन अच्छे से कर सकें।

बैठक

गणतंत्र दिवस आयोजन हेतु सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें

जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया जाए : कलेक्टर

शहडोल । कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस-2026 की तैयारियों को लेकर बैठक कलेक्टर कार्यालय स्थित विराट सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग पूरी गरिमा एवं सम्मान के साथ किया जाए तथा कार्यालयों में फहराए गए राष्ट्रीय ध्वज को निर्धारित समय पर ही उतारा जाए। जिले भर में आयोजित होने वाले ध्वजारोहण में उपयोग किए जाने वाला तिरंगा झंडा पूरे सम्मान के साथ ध्वज संहिता का पालन करते हुए फहराया जाए।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन स्थल महात्मा गांधी स्टेडियम की साफ-सफाई, नगर की स्वच्छता, स्टेडियम में पेयजल व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल को दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान स्टेडियम में मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में बैरिकेटिंग, मंच, सज्जा, मैदान के चारो ओर रंग-बिरंगे झण्डे लगाने,तथा बैठक एवं अतिथियों के आमंत्रण के संबंध में भी विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के 01 दिन पूर्व सभी शासकीय कार्यालयों में रोशनी की व्यवस्था की जाए। नगर के विभिन्न चौराहों में लगाई गई महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई तथा पेंटिंग करा दी जाए। सभी फव्वारे संचालित रहें। प्रात:काल स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाली जाए। स्कूलों में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया जाए। सभी कार्यालयों में प्रात: 08 बजे तथा स्कूलों एवं महाविद्यालयों में प्रात: 07 बजे ध्वजा रोहण किया जाए। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित होगा। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 09 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम में परेड एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति एवं लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में नगरपालिका अध्यक्षघनश्याम जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह, अमृता गर्ग, संयुक्त कलेक्टर प्रगति वर्मा, डॉ. परमानन्द तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आकर्षक एवं विषय आधारित झांकियां तैयार करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया जाए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में झांकियों के प्रदर्शन हेतु आकर्षक एवं विषय आधारित झांकियाँ तैयार करने के निर्देश भी दिए।